लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

"सीआरपीएफ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रही है": लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 14 नवंबर 2019: केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 2018 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने आज संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से मुलाकात की।

श्री बिरला ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफ को जम्मू और कश्मीर, उत्तर पूर्व और एलडब्ल्यूई (LWE) प्रभावित राज्यों जैसे कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण सैन्य वातावरण में सराहनीय कार्य किया है । उन्होंने सीआरपीएफ के अनुशासन और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना की। इसके बाद श्री बिरला ने कहा कि सीआरपीएफ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे रही है और इस साल के शुरू में हुए पुलवामा हमले में सीआरपीएफ जवानों का सर्वोच्च बलिदान, उनके कर्त्तव्य पालन एवं प्रतिबद्धता का श्रेष्ठ उदाहरण है।

श्री बिरला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र दुनिया भर में सबसे अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष होने के लिए जाना जाता है और यह भी कहा कि सीआरपीएफ चुनावों के पेशेवर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री बिरला ने आगे कहा कि आंतरिक सुरक्षा संबंधी कर्तव्यों में समर्पण और अनुशासन के साथ-साथ अत्यधिक संवेदनशीलता की आवश्यकता है। श्री बिरला ने सीआरपीएफ के उन युवा अधिकारियों की प्रशंसा की, जिन्होंने अन्य आकर्षक कैरियर की उपेक्षा करके देश की सेवा करना चुना।

चर्चा के अंत में प्रशिक्षु अधिकारियों ने माननीय अध्यक्ष को उनके संबोधन के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इससे पहले, श्री बिरला का सीआरपीएफ अकादमी के निदेशक श्री पंकज कुमार ने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ अधिकारियों के वर्तमान बैच में 43 अधिकारी शामिल हैं, जिनमें पाँच महिला अधिकारी भी हैं। उन्होंने आगे बताया कि ये अधिकारी वर्तमान में हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित सीआरपीएफ अकादमी में 52 सप्ताह लम्बी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

"CRPF IS AT THE FOREFRONT OF THE FIGHT AGAINST TERRORISM": LOK SABHA SPEAKER

New Delhi 14 November 2019: The trainee officers of the Central Reserve Police Force (CRPF) belonging to the 2018 batch, called on the Speaker Lok Sabha Shri Om Birla at the Parliament House today.

Addressing the assembled Trainee Officers, Shri Birla said that the CRPF is deployed in some of the most challenging operational environments such as Jammu and Kashmir, North East and LWE affected states. He commended the Force for their discipline and commitment to duty. He then added that the CRPF has been at the forefront of the fight against terrorism, as exemplified by the sacrifices of CRPF jawans in Pulwama, earlier this year. Shri Birla said that Indian democracy is known all over the world for being the most transparent and impartial and that the CRPF plays an important role in the professional conduct of elections all through the year. Shri Birla further added that Internal Security related duties demand utmost professionalism and sensitivity, along with dedication and discipline. Shri Birla praised the young officers of the CRPF who have chosen to serve the nation, disregarding other more lucrative careers.

At the end of the interaction, the assembled trainee officers thanked the Hon'ble Speaker for his address and presented him with a memento.

Earlier, Shri Birla was welcomed by the Director of the CRPF Academy Sri Pankaj Kumar, who informed that the current batch of CRPF officers consists of 43 officers which including five women officers. He further informed that these officers are currently undergoing fifty two week-long training at the CRPF Academy situated in Gurugram, Haryana.